हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 संविधान बाहर ही नहीं,भीतर की यात्रा भीः चिन्मय मिश्र



09 डीईओ बोलेः अभी तक शिक्षकों की जो मनमानी व...



खबर संक्षेप

गांव में ही आधार और ई-केवायसी की सुविधा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के लिए ई-केवायसी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को दूर स्थित केंद्रों पर जाने की जरूरत न पड़े, इसके लिए पंचायत स्तर पर आधार निर्माण, आधार में त्रुटि सुधार और ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सीएससी ऑपरेटर पंचायतों में बैठकर आधार, समग्र आईडी, राशन कार्ड और पेंशन से संबंधित ई-केवायसी कार्य पूर्ण कराएंगे। कलेक्टर ने ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और ई-केवायसी के कारण लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कृषि रोडमैप के तहत जिले के गांव चयनित

विदिशा। जिले में कृषि क्षेत्र को आधुनिक एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि रोडमैप के तहत सात ग्रामों का चयन किया गया है। विकासखंडवार चयनित ग्रामों में कृषि की स्थानीय जरूरतों के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएंगी। विदिशा विकासखंड में बेरखेड़ी जेतू एवं बामौरा, ग्यारसपुर में ऑलिंजा, कुरवाई में ईशाखेड़ी, बासौदा में सुमेरदांगी तथा नटेरन में गोकुलपुर का चयन हुआ है। इन गांवों में किसानों को उन्नत तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्र और बेहतर कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाएगा। साथ ही उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

बंदूकधारी तैनात किए



विजय मंदिर बना पुलिस छावनी




प्रशासन ने सुबह से ही तैनात की पुलिस फोर्स, बैरिकेड्स भी लगाए गए

नहीं होने दी ताले की पूजा, विधायक लौटे, फिर आए, नंदकिशोर शास्त्री के चित्र पर चढ़ाए पुष्प

मूलस्वरूप में वैसा ही बनाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



नागपंचमी पर शहर के एतिहासिक विजय का ताला खुलवाने का मामला इस साल फिर उठा। प्रशासन ने सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल मंदिर परिसर में तैनात करा दिया था।

बैरिकेडिंग भी की गई। दोपहर के समय सैकड़ों की संख्या में युवा और विजय मंदिर का ताला खुलवाने के लिए प्रयास कर रही समिति के पदधिकारी विजय मंदिर पहुंचे और नारेबाजी की। युवाओं ने यहां पहुंचकर मंदिर का ताला खोलने की नारेबाजी की और सत्संग किया। काफी देर तक यह प्रदर्शन चला। इसके बाद विधायक मुकेश टंडन पहुंचे। संत महंतों सहित युवाओं ने उनसे ताला खुलवाने की मांग की। विजय मंदिर सेवा समिति से जुड़े शुभम वर्मा का कहना था कि सनातन में बंद ताले की पूजा नहीं होती, विधायक ने कहा कि हम भी यही कह रहे हैं कि बंद ताले की कभी पूजा नहीं होती, जिस पर वहां मौजूद युवाओं ने कहा कि हमने आपको ताले की पूजा करते हुए देखा है। काफी बहस के बाद विधायक मुकेश टंडन वहां से जाने लगे तो सनातनी युवाओं ने जमकर नारेबाजी की। बाद में विधायक लौटकर आए और इस बार ताले की पूजा न कर विजय मंदिर का ताला खुलवाने के संघर्ष करने वाले स्वर्गीय नंदकिशोर शास्त्री के चित्र की पूजा अर्चना की गई। अपने बयान में विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि जिस जगह ताला लगा हुआ है वह एएसआई का गोदाम है। यहां तो सामान रखाता है। अंदर कोई मूर्ति नहीं रखी है। यह अतिक्रमण है इसी को हटाने की लड़ाई हम लड़ रहे हैं अंदर मंदिर का कोई स्वरूप नहीं है। यह अतिक्रमण हमें हटवाना है, हम कोर्ट में भी गए हैं, मंत्री और मुख्यमंत्री से भी बात की है। उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में सवाल उठाया है, अभी दिल्ली जा रहा हूं।

सुबह ज्ञापन सौंपकर मांगी थी अनुमति

सुबह अखिल भारतीय संत समिति और विजय मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी को कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने नागपंचमी पर ऐतिहासिक विजय मंदिर में पूजा-अर्चना की अनुमति मांगी। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 1965 से नागपंचमी पर यहां पूजा करने की अनुमति मिलती रही थी। हालांकि, वर्ष 1992 में तत्कालीन सरकार के समय मंदिर के ऊपर शटर लगाकर ताले लगा दिए गए।

आरटीओ ने काटे 15 वाहनों के चालान, तीन जब्त किए

चेकिंग के दौरान 67 हजार से अधिक के चालान बने



विदिशा। वाहनों पर कार्रवाई के दौरान जांच पड़ताल करते हुए आरटीओ श्री वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने कुरवाई में स्कूली बसों और यात्रियों बसों सहित अन्य वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान 15 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। इनमें से 12 वाहनों से 45 हजार 500 रुपए जुर्माना और 21 हजार 657 रुपए मोटरयान कर वसूला गया। वहीं 3 वाहनों को जब्त कर कुरवाई थाने में खड़ा कराया गया है। परिवहन विभाग की टीम ने सांदीपनी विद्यालय कुरवाई पहुंचकर परिसर में खड़ी 10 स्कूल बसों की जांच की। बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों और निर्धारित तकनीकी एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। यात्री बसों की भी जांच की गई।

विद्यार्थियों को 50% किराया छूट मिली

कुरवाई में आयोजित बैठक में विदिशा जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि जिले के सभी यात्री बस संचालक स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को यात्री किराए में 50 प्रतिशत की छूट देंगे। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी, एसडीएम कुरवाई तथा एसोसिएशन अध्यक्ष महेश सिंघल सहित बस संचालक मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने कहा कि वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। विशेष रूप से स्कूल एवं यात्री बसों में सुरक्षा मानकों के पालन की लगातार निगरानी की जाएगी।

11 और 53 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा : **विदिशा।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को जिलेभर से बड़ी संख्या में मजदूर-कर्मचारी विदिशा में एकत्रित हुए। संघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से विशाल रैली निकालकर जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्रीय और मुख्यमंत्री के नाम 53 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।



बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3360
उच्चतम भाव-6722
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7731
चना
न्यूनतम भाव-2110
उच्चतम भाव-6395
मसूर
न्यूनतम भाव-4650
उच्चतम भाव-9670
शरबती
न्यूनतम भाव-4106
उच्चतम भाव-4225
गेंहू
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3000
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2550
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3650
बटरी
न्यूनतम भाव-3151
उच्चतम भाव-3590
मूंग
न्यूनतम भाव-1701
उच्चतम भाव-6900
धनिया
न्यूनतम भाव-13500
उच्चतम भाव-13500
उड़द
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7500

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3380 बोरों उपज की आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

रक्तदान शिविर 21 को

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र पर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें रक्तदाता सीधे सेवा केन्द्र में संपर्क कर या ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन स्कैन करके या लिंक पर क्लिक करके कर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

सेवा दिवस के रूप में मनाया विधायक हरिसिंह रघुवंशी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन संपन्न हुए। इस अवसर पर सफाई अभियान के साथ पौधरोपण, धार्मिक कार्यक्रम एवं भोजन वितरण भी किया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी अपने जन्मदिवस पर मथुरा वृंदावन की धार्मिक यात्रा पर गए हैं, लेकिन यहां उनके समर्थकों, शुभचिंतकों, पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिवस उनके पुत्र संजय रघुवंशी की मौजूदगी में सेवा दिवस के रूप में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस अवसर पर सुबह जयस्तंभ चौक पर सफाई अभियान चलाकर विश्राम गृह में पौधरोपण किया गया। उधर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा भी पौधरोपण किया गया। वहीं पूर्वान्ह 11 बजे अटल उद्यान वार्ड 14 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र मैना द्वारा पौधरोपण, दोपहर में खेडापति हनुमान मंदिर गौशाला में अमित अग्रवाल द्वारा गायों को गौग्रास खिलाते हुए पौधरोपण किया गया। वहीं बैदनखेडी स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में अखंड रामायण पाठ समापन के बाद कन्या भोज कराया गया। जबकि शाम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र मैना एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से अन्नपूर्णा सेवा समिति के तत्वावधान में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया।

वहीं रात में महेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा नौलखी मंदिर में प्रसादी वितरण और अवधेश तिवारी एवं मित्र मंडली द्वारा शहनाई गार्डन में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से विधायक हरिसिंह रघुवंशी को जन्मदिवस की बधाई देने के साथ ही उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामनाएं की गईं। इस अवसर पर बडी संख्या में कार्यकर्ता और शुभचिंतक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष का समापन, 27 रक्तदाताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के समापन अवसर पर डॉल्फिन स्कूल के सभागृह में सम्मान समारोह, पोस्टर प्रदर्शनी एवं पत्रिका का लोकार्पण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, बच्चों की वंदना और गीत से हुआ।

इसके बाद बच्चों द्वारा रक्तदान पर बनाई गई चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। समारोह में 10 बार से अधिक रक्तदान करने वाले 27 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदिशा से पधारे उदय हजारी रहे, जिन्होंने 160 बार रक्तदान का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अपने प्रेरणादायी प्रसंग सुनाकर युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक राजेश तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि विगत 25 वर्षों से समिति जनजागृति, रक्तदान प्रेरणा, भ्रांतियां दूर करने और 350 गांवों, नगर के सभी वार्डों व विद्यालयों में रक्त समूह परीक्षण का कार्य निरंतर कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत, सचिव अनिल दुबे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संदीप रावत प्राचार्य नवांकुर विद्यापीठ ने किया। समारोह में सैकड़ों सदस्य, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और पत्रकार उपस्थित रहे।

प्रेस क्लब गंजबासौदा में संविधान संवाद कार्यक्रम आयोजित

संविधान बाहर ही नहीं,भीतर की यात्रा भी: चिन्मय मिश्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





संविधान केवल नियम-कायदों की किताब नहीं है, बल्कि यह हमारे मनुष्य से नागरिक बनने की यात्रा भी है। हमें संविधान को लेकर चल रही धारणाओं पर भरोसा करने की जगह उसे स्वयं पढ़ने और समझने की जरूरत है। यह बात प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक एवं पत्रकार चिन्मय मिश्र ने कही।

प्रेस क्लब गंजबासौदा के तत्वावधान में अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित 'संविधान संवाद' कार्यक्रम को चिन्मय मिश्र मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संविधान के मूल भाव, नागरिक अधिकारों और कर्त्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान को केवल शासन व्यवस्था के दस्तावेज के रूप में नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के मार्गदर्शक के रूप में भी समझना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो मणि मोहन मेहता ने नागरिक और संविधान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान समय में सामने आ रहे संवैधानिक संकटों और नागरिकों की भूमिका पर भी अपने विचार रखे। इस दौरान वरिष्ठ अभिभाषक अरविंद तिवारी और पूजा सिंह ने भी अपने सार्थक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत नवांकुर विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्ति पर नाट्य प्रस्तुति से हुई। इस माध्यम से नशे की शुरुआत से लेकर उसके दुष्परिणामों तक व्यक्ति के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि यदि समाज सामूहिक रूप से संकल्प ले, तो नशे की समस्या का अंत संभव है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अनिल यादव की खबरों, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों से संबंधित वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने वरिष्ठ पत्रकार अनिल यादव के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में प्रश्न काल में नागरिकों और विद्यार्थियों ने संविधान से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनके चिन्मय मिश्र ने सार्थक उत्तर देते हुए लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार चक्रेश महोबिया ने किया जबकि आभार प्रेस क्लब अध्यक्ष नीतेश नायक ने माना। इस अवसर पर पंचतत्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, सुरेन्द्र भारद्वाज, यशपाल यादव, ओपी चौरसिया, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत, एलबीएस प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे, प्रो आरके द्विवेदी, साहित्यकार आशीष दुबे, ध्रुव शर्मा, नवांकुर प्राचार्य संदीप रावत, अभिषेक मिश्रा, रूद्र रिछारिया, सुमित अग्रवाल, रविन्द्र जैन, सौरभ सक्सेना सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संत रविदास उद्यान में हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक चार स्थित संत रविदास उद्यान वार्ड 4 में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों एवं वार्डवासियों ने मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार चक्रेश महोबिया, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षदगण राहुल ठाकुर, नीलू अहिरवार, जोयब हसन, नारायण सोनी, पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी सहित प्रमोद राजपूत, रामकृष्ण शर्मा, अमान सिंह अहिरवार, बंशीलाल, देवीलाल, नौनितराम, विजय अहिरवार, मीनू दिवाकर, आनंदी पवार, महेश दिवाकर, पूरनलाल, संतोष ठेकेदार, कालूराम, अशोक, पन्नालाल एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने देश की एकता, अखंडता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इलाके भर में उत्साह और हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस





गंजबासौदा। गत दिवस स्वतंत्रता दिवस नगर सहित इलाके भर में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन मौजूद रहीं। ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी ली गई और फिर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों और नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। उधर नगर पालिका में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने ध्वजारोहण किया। जबकि अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में भी पहली बार ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्कूलों, संस्थाओं, संगठन कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कूल एवं पंचायत भवनों पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्यारी पंचायत में सरपंच नरेन्द्र छारी, उप सरपंच नीतेश नायक ने ध्वजारोहण किया।

वहीं सौंठिया में सरपंच रामगोपाल यादव ने, मढिया सेमरा में सरपंच डॉ. राजेश राय ने, उदयपुर में सरपंच वर्षा राजेन्द्र चौरसिया ने, कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्ष नितिन दुबे ने, त्योंदा में तहसीलदार आनंद जैन ने, एलबीएस कॉलेज में प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे ने, कृषि विभाग में एसएडीओ सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी शिखा भलावी ने, कालापठार शाला में पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने, सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य अनामिका प्रजापति ने, ऊहर में सरपंच कलाबाई ने ध्वजारोहण किया। वहीं विभिन्न संगठनों के द्वारा नगर में वाहनों के साथ तिरंगा रैलियां निकाली गईं।

पंचतत्व संरक्षण समिति ने अनेक पौधे रोपकर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित संस्था 'पंचतत्व संरक्षण समिति' ने हरियाली अमावस्या के अवसर पर गत दिवस अग्रवाल समाज धर्मशाला परिसर में पौधे रोपकर अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर समिति द्वारा अर्जुन, मधुकामिनी, पारिजात, बेलपत्र, महुआ, गुलमोहर, जकारंडा, आम, आंवला, इमली और जामुन सहित 11 प्रजातियों के पौधे लगाए गए। समिति के सदस्यों ने एवं सभी वरिष्ठजनों ने पौधों की विधिवत पूजा अर्चना कर उनके जीवन की मंगल कामना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि समिति हरियाली अमावस्या के दिन से प्रतिवर्ष निःशुल्क पौधे वितरित करने के साथ ही पौधारोपण का अभियान चलाती है। पौधों की सुरक्षा के लिए समिति द्वारा ट्री गार्ड भी उपलब्ध कराए गए। इसी कड़ी में समिति के सदस्य विमल जैन ने अपनी स्वर्गीय पत्नी अर्चना जैन की स्मृति एवं डॉ. विमल ओसवाल ने स्वर्गीय पत्नी कुसुम ओसवाल की स्मृति में एक पौधा लगाकर ट्री गार्ड लगाया। पौधों की देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी समिति के वरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल 'मंकुजी' एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों ने ली है। पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था ने वर्ष 2008 में आज ही के दिन बरसते पानी में पौधा रोपण करना शुरू किया था और बीते वर्षों में रोपे गए हजारों पौधे आज विशाल वृक्ष का रूप ले चुके हैं। सचिव प्रमोद सिंह राजपूत ने समस्त अग्रवाल समाज को पौधे लगाने का स्थान उपलब्ध कराने एवं पौधे संरक्षित रखने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति ने शेखर चौरसिया को बेलपत्र व आंवला के पौधे निःशुल्क भेंट किए। संस्था ने नगर के सभी पर्यावरण प्रेमियों से इस मौसम में हर हाथ, एक पौधा लगाने की अपील की है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, अग्रवाल समाज अध्यक्ष नीतीश गोयल, पंचतत्व सदस्य विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, मनोज गुप्ता, राकेश खंडेलवाल, नरेंद्र ठाकुर, यशपाल यादव, जगदीश गुप्ता, महेंद्रसिंह सूर्यवंशी, जगदीप सिंह, देवेंद्र जादौन, देवेंद्र सोलंकी, धीरेन्द्र सिंह, प्रवीण जादौन, संदेश जैन, प्रवीण भावसार, संजय भंडारी, डॉ. जितेंद्र सिंह, राकेश तनवानी, अशोक भावसार, राकेश पुरोहित, देवीसिंह, रघुवीर सिंह रघुवंशी, देवेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, बृजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र दांगी, नरेश सिंह, गोलू राजपूत, अमन श्रीवास्तव, हरिबाबू अग्रवाल, लक्की अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विवेक, योगेश, आकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

निकली अनेक कांवड़, डाक कांवड़ यात्राएं

सावन के तीसरे सोमवार को उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के पावन अवसर पर महादेव मंदिर उदयपुर में कांवड़ियों का आना अल सुबह से ही प्रारंभ हो गया। शाम तक मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या करीब 65 हजार से 70 हजार के आसपास पहुंच गई। लगभग 200 से अधिक श्रद्धालु दंडवत करते हुए मंदिर तक पहुंचे। 10 से 15 कावड़ डाक कावड़ के रूप में थीं, जिसमें कावड़िये त्रिशूल, छत्र आदि लेकर एक हाथ से दूसरे हाथ में चढ़ावा लेकर शिव को अर्पित करने पहुंचे। सिरोंज तहसील के बमूलिया गांव से 47 युवाओं की टीम 80 किलोमीटर की डाक कावड़ लेकर दौड़ते हुए मंदिर पहुंची। विदिशा से कावड़ लेकर आए एक ही परिवार के 20 कावड़ियों के भोजन की व्यवस्था लक्ष्मी चौरसिया परिवार द्वारा की गई। गंजबासौदा से उदयपुर तक 16 किलोमीटर मार्ग में जगह-जगह खीर, केले, पानी, फलाहार आदि के निशुल्क स्टाल लगाए गए। रात्रि में आने वाले दंडवत एवं कावड़ यात्रियों के लिए पर्यटन विभाग के रैन बसेरा में सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र चौरसिया द्वारा रुकने की व्यवस्था की गई। उदयपुर पाल युवा मंडल के सुमित पाल, लकी पाल, गोलू पाल, अभिषेक रैकवार, बूंदा आदि सदस्यों ने रात में 400 लोगों के भोजन की व्यवस्था की। इसके अलावा गमाखर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, त्योंदा स्थित गुफा मंदिर में भी सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा।

उधर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गयी, जो ग्राम बनवा जागीर से शिव धाम गमाखर पहुंची। जहां भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया। जिसमें विहिप प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख कार्यपालक अधिकारी सुनील यादव, प्रान्त गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी सहित विभाग एवं जिले के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सैकड़ो की संख्या में माता बहनों ने कावड़ उठाकर यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

वीर दुर्गादास राठौर की जयंती मनाई गई



गंजबासौदा। गत दिवस सावरकर चौक स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की शुरुआत मन्दिर में भगवान महादेव के पूजन अर्चन से हुई। पूजन के बाद वीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त समाज बंधुओ द्वारा वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष ब्रजेश राठौर ने किया। उनके द्वारा समाजजनों को नगर में वीर शिरोमणि दुर्गादास की प्रतिमा स्थापना जल्द ही स्थापित होने का आश्वासन दिया गया तथा समस्त समाजजनों से सहयोग की मांग की गई। इस अवसर पर तखत सिंह राठौर, राजू राठौर, खिलान सिंह, विजय राठौर, दिनेश राठौर, भवानी सिंह, पप्पू राठौर, सोनू राठौर, राकेश, राहुल, नीरज, जितेंद्र शिवराज, रामनाथ, बद्री, गोलू अंकित आदि मौजूद रहे।

अन्नपूर्णा सेवा समिति के मगन जी को श्रद्धांजलि



गंजबासौदा। गत दिवस व्यवसायी एवं पत्रकार गगन दुबे के छोटे भाई और मां अन्नपूर्णा भोजनालय सेवा समिति के संचालक मगन दुबे का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। मगन दुबे आरएसएस और सनातनी संगठनों में सक्रिय रहते थे। सेवाभावी प्रवृत्ति के मगन दुबे पिछले कुछ वर्षों से मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करा रहे थे। उनकी समिति ने कोरोना काल में भी जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया था। उनके निधन पर प्रेस क्लब गंजबासौदा सहित सभी पत्रकारों, समाजसेवियों, राजनैतिक दलों, संगठनों, संस्थाओं के सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि देकर परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

चौरसिया समाज ने उत्साह से मनाया नाग पंचमी का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



चौरसिया समाज ने सोमवार को मानस भवन में नाग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। सुबह 8 बजे से भगवान शिव की पूजा अर्चना और अभिषेक हुआ। सभी स्वजातीय बंधुओं ने परिवार सहित भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। इसके पश्चात छोटे बड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशलेखा रोहित भावसार उपस्थित रहीं। अतिथियों ने भगवान शंकर पार्वती और शेषनाग की पूजा अर्चना कर दीप प्रचलित किया। चौरसिया समाज के सजातीय बंधुओ ने अतिथियों का हार फूल मालाओं और दुपट्टे पहिना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। इसके पश्चात अतिथियों के समक्ष छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य कर सभी को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में चौरसिया समाज की ओर से सभी अतिथियों का भगवान राम की मूर्ति भेंटकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने समाज के सभी बंधुओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात सभी ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर रविंद्र चौरसिया, दीपक चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, मुन्नालाल चौरसिया, शेखर चौरसिया, ओम प्रकाश चौरसिया, मनोहर चौरसिया, विपिन चौरसिया, सौरभ चौरसिया, आशीष चौरसिया, अमित चौरसिया, अरविंद चौरसिया सहित बड़ी संख्या में चौरसिया समाज के स्वजातीय बंधु परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए।

बैठक आयोजित

गंजबासौदा। ग्राम सुमेर दांगी में सहकार भारती की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि सहकार भारती विदिशा के जिला महामंत्री नारायण सिंह रघुवंशी ने संगठन के उद्देश्यों एवं सहकारिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से बैठक में पैक्स सोसायटियों के गठन की घोषणा की गई। बैठक के पश्चात परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान प्रीतम सिंह राजपूत, जगदीश घोसी, खचोरी लाल, रघुराज ग्रामीणजन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

गढ़ाकोटा में शान से फहराया तिरंगा

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा में आजादी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आजादी के 80वें वर्ष गढाकोटा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों कि शासकीय अशासकीय संस्थाओं सहित भवनों में सुबह राष्ट्रीय ध्वजरोहण किया गया। राष्ट्रीय पर्व कि पूर्व संध्या से जहां बारिश का दौर लगातार चल रहा है वहीं नगर के विभिन्न शासकीय अशासकीय स्कूलो में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं में राष्ट्रीय पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सुबह सुहावने मौसम में सभी स्कूल के बच्चों कि नगर में प्रभात फेरी निकाली गई ओर संस्थाओं में बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। ध्वजारोहण के कार्यक्रम में बड़े पुल स्थित झंडा चौक एवं नगर भवन परिसर में नगर पालिका गढाकोटा अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, शासकीय महाविद्यालय में डॉ घनश्याम भारतीय, शासकीय स्कूलों में कन्या उ.मा.शाला,बालक उच्चतर माध्यमिक शाला एवं प्राइवेट शालाओं में सरस्वती शिशु मंदिर, हायर सेकेंडरी, फास्टर पब्लिक स्कूल, होलीफेथ हायर सेकंडरी, एस.पी मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल, मुख्य बाजार स्थित कांग्रेस द्वारा भारत माता मंदिर स्थित झंडा चौक सहित नदी पार स्थित संदीपनी स्कूल एवं शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण किया गया।

501 स्थानों पर किया झंडावंदन

सागर। विचार समिति ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार मोहल्ला विकास योजना से जुड़े परिवारों के बीच 501 स्थानों पर झंडावंदन किया। समिति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समिति सदस्यों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया। इस दौरान एकनाथ अनुशिक्षण संस्था के सदस्य एवं विद्यार्थी, आदिनाथ परिवार के सदस्य और विचार समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। समिति सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

सपेरों पर वन विभाग की रही नजर

सागर। नाग पंचमी के अवसर पर सांपों को पकड़कर उनका प्रदर्शन करने वाले सपेरों पर वन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। दक्षिण सागर वन मंडल अधिकारी के निर्देश पर उपवन मंडल अधिकारी ने टीम गठित कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भेजी है।

भगवंतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल पर आरोप: फीस, अव्यवस्था और प्राचार्य के व्यवहार को लेकर छात्रों-ग्रामीणों में आक्रोश

डीईओ बोले: अभी तक शिक्षकों की जो मनमानी व लापरवाही चलती थी नहीं चलेगी, शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

20 वर्षों से एक ही विद्यालय में पदस्थ हैं प्राचार्य...ग्रामीण और पूर्व छात्र बोले: भावनात्मक दबाव बनाकर कहा: मैंने तुम्हें पढ़ाया है तुम मेरी शिकायत करोगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार ने सिरोंज क्षेत्र के संकुल प्राचार्यों एवं विद्यालय प्राचार्यों की बैठक लेकर



शिक्षा व्यवस्था,छात्रों से ली जाने वाली फीस, शासन की योजनाओं और विद्यालयों की व्यवस्थाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब तक चली आ रही किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि छात्रों से ली जाने वाली प्रत्येक प्रकार की फीस की विधिवत रसीद अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों को दी जाए, ताकि फीस संबंधी मामलों में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन इस व्यवस्था का विशेष रूप से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने संबल योजना सहित शासन द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। प्रत्येक विद्यालय में शासन की योजनाओं एवं उनसे लाभान्वित होने वाले छात्रों की जानकारी सूचना पटल पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को योजनाओं की पूरी जानकारी आसानी से मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार ने कहा कि विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ अच्छा और सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर उसे गंभीरता से लिया जाएगा।

डीईओ ने शिक्षकों को अपनी उपस्थित समय पर लगाने के दिए सख्त निर्देश

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार ने शिक्षकों को भी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने और उपस्थिति में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित होना विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है।

संबल योजना की शिकायतों की होगी जांच

बैठक के दौरान संबल योजना को लेकर विद्यार्थियों द्वारा की गई शिकायतों का भी मुद्दा उठाया गया। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिकायतों की जांच के लिए बीईओ को निर्देशित किया गया है। जांच के बाद जिन विद्यार्थियों को नियमानुसार राशि वापस मिलना है, उन्हें संबंधित राशि वापस दिलाई जाएगी। साथ ही विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना भी विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि इस प्रकार की शिकायतें सामने आती हैं तो संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

- संबल योजना से संबंधित फीस वसूली की निष्पक्ष जांच की जाए।
- पात्र छात्रों की पूरी राशि वापस कराई जाए।
- विद्यालय में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- छात्रों के साथ कथित अभद्र व्यवहार और धमकी के आरोपों की जांच हो।
- विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और पढ़ाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए।
- पूर्व में हुई शिकायतों और जांच रिपोर्टों की समीक्षा कर आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाए।

20 वर्षों से इसी विद्यालय में पदस्थ हैं प्राचार्य

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भगवंतपुर एक बार फिर विवादों और गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों और छात्रों का आरोप है कि विद्यालय में शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने, साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था, पढ़ाई प्रभावित होने तथा छात्रों के साथ कथित अभद्र व्यवहार जैसी शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने और जांच होने के बावजूद स्थायी एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने विद्यालय की प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव पर छात्रों के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार करने और शिकायत करने वाले छात्रों एवं ग्रामीणों पर दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, प्राचार्य लगभग 20 वर्षों से इसी विद्यालय में पदस्थ रही हैं और पहले शिक्षिका के रूप में कार्य करने के बाद पिछले लगभग तीन-चार वर्षों से प्राचार्य के पद पर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कई छात्र खुलकर अपनी समस्याएं बताने से भी डरते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में लंबे समय से साफ-सफाई की स्थिति खराब है और परिसर में कई स्थानों पर गंदगी है। इसके साथ ही शिक्षकों के समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने और पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने की भी शिकायतें सामने आई हैं। मामले में जानकारी लेने के लिए प्राचार्य से उनके फोन नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

संबल योजना की फीस को लेकर बढ़ा विवाद

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब ग्राम पंचायत भगवंतपुर में आयोजित मुख्यमंत्री जन-शिविर में शासकीय हाई स्कूल भगवंतपुर के बच्चों ने फीस से संबंधित शिकायत उठाई। बच्चों ने अधिकारियों के समक्ष मांग रखी कि उनसे ली गई राशि वापस की जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा

शिविर में बच्चों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखते हुए फीस वापस करने और निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की आवाज को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी छात्र पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव न बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि उनका संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था सुधारने और बच्चों को बेहतर वातावरण दिलाने के लिए है।

कार्रवाई के नाम पर सिर्फ चेतावनी का आरोप

ग्रामीण लल्ली राम अहिरवार करईखेडा, वीरेन्द्र वाल्मीक, धनराज विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, इरशाद कुरैशी सहित अन्य लोगों ने बताया कि प्राचार्य के खिलाफ पूर्व में भी अनेक शिकायतें की जा चुकी हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शिकायतों के बाद सिरोंज और जिला स्तर से कई बार अधिकारियों की टीमें जांच के लिए विद्यालय पहुंचीं, लेकिन हर बार कार्रवाई के नाम पर कथित रूप से केवल चेतावनी देकर मामला समाप्त कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से प्राचार्य के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं।

मैंने तुम्हें पढ़ाया है, तुम मेरी शिकायत करोगे

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि लंबे समय से एक ही विद्यालय में पदस्थ रहने के कारण प्राचार्य ग्रामीणों और पूर्व छात्रों पर भावनात्मक दबाव बनाने का प्रयास करती हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शिकायत करने वालों से कथित रूप से कहा जाता है कि "मैंने तुम्हें पढ़ाया है, तुम मेरी शिकायत करोगे, मैं तुम्हारी मां जैसी हूं। इस प्रकार की बातों के माध्यम से शिकायतकर्ताओं को भावनात्मक रूप से दबाव में लेने का प्रयास किया जाता है।

शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

वहीं लगातार शिकायतों, जांच और अब फीस से जुड़े विवाद के बाद भी विभागीय स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो केवल चेतावनी देकर मामले को समाप्त करने के बजाय निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने मांग की है कि विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता, साफ-सफाई व्यवस्था, छात्रों के साथ व्यवहार और संबल योजना से संबंधित फीस प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

इनका कहना है...

जैसे ही मुझे भगवंतपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल की शिकायत प्राप्त हुई, मैंने तत्काल सिरोंज पहुंचकर समस्त संकुल प्राचार्यों एवं विद्यालय प्राचार्यों की बैठक ली, और उन्हें सख्त हिदायत दी गई है। यदि अब इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विद्यालयों में फीस एवं अन्य व्यवस्थाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
एन.के. अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी, विदिशा।

मुख्यालयों पर पहुंचे 26 अधिकारी, जनसमस्याओं के समाधान में आई तेजी

वीसी के जरिए कलेक्टर ने की टीएल बैठक पांचों अनुविभागों में शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीएम हेल्पलाइन सहित आमजन की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अभिनव पहल की है। इसके तहत अपर कलेक्टर सहित 26 जिला अधिकारियों को जिले के पांचों अनुविभाग लटेरी, सिरोंज, बासौदा, कुरवाई एवं शमशाबाद के तहसील एवं अनुविभागीय मुख्यालयों पर भेजा गया।

अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, बिजली, पीएचई, खाद्य, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी गई। स्थानीय स्तर पर संभव मामलों में तत्काल कार्रवाई कराई गई। कलेक्टर गुप्ता ने दिन के प्रथम सत्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागों में तैनात अधिकारियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और जनसमस्याओं की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि लक्ष्य केवल शिकायतों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक, संतोषजनक और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों से समस्याओं के निराकरण में आ रही व्यावहारिक बाधाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता और गंभीरता से लेते हुए स्थायी समाधान किया जाए। इस पहल से प्रशासन की पहुंच तहसील स्तर तक मजबूत होने के साथ नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है।

कृषि रोडमैप से जिले में कृषि क्षेत्र को मिलेगी दिशा

विदिशा। जिले में कृषि को आधुनिक, तकनीक आधारित और अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि रोडमैप के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। इसके तहत गुणवत्तापूर्ण बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, उन्नत तकनीक, सिंचाई और भंडारण जैसी सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। रोडमैप के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में 10-10 बीज ग्राम स्थापित किए जाएंगे। यहां किसानों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उन्नत बीज उपलब्ध कराने के साथ बीज उत्पादन के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं प्रत्येक विकासखंड में पांच कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित होंगे।

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स खेजड़ाबर्री

पंजीयन क्रमांक 4889/24/10/1960 दिनांक 14/8/2026

वार्षिक आम सभा सूचना पत्र

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खेजड़ाबर्री के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 31/08/2026 दिन सोमवार को दोपहर 01 बजे से संस्था कार्यालय खेजड़ा बर्री मुख्यालय पर संस्था के ठहराव क्रमांक 63 दिनांक 14/08/2026 के अनुसार तय की गई है गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है

बृजेश कुमार रघुवंशी
समिति प्रबंधक
बी पेक्स खेजड़ा बर्री

किशोर कुमार अहिरवाल
प्रशासक
बी पेक्स खेजड़ा बर्री









स्वतंत्रता दिवस समारोह में अधिकारी रहे बेपरवाह, बच्चों के कार्यक्रम से बनाई दूरी



ग्यारसपुर। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर ग्यारसपुर के संदीपनी विद्यालय के खंड स्तरीय कार्यक्रम में कुछ अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। समारोह के दौरान तहसीलदार सुधीर शुक्ला और जनपद के अधिकारियों का कथित तौर पर आपस में बातचीत और हंसी-मजाक करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अधिकारियों के बातचीत एवं हंसी-ठहाके लगाते हुए नजर आने से लोगों में नाराजगी है।स्वतंत्रता दिवस उन हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष और त्याग से देश को आजादी मिली। ऐसे पावन अवसर पर जिम्मेदार अधिकारियों से गरिमापूर्ण आचरण की अपेक्षा की जाती है। वायरल वीडियो को लेकर अब लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में अधिकारियों का इस तरह बेपरवाह नजर आना उचित है। इस संबंध में जब ग्यारसपुर तहसीलदार सुधीर शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बात करना कोई गलत नहीं, मैं जनपद के अधिकारी से बात कर रहा था, उन्होंने बात पूरी होने से पहले ही फोन कट कर दिया।

तीसरा सावन सोमवार, इंसान की गलती बताकर कराया अपराध बोध

नागपंचमी पर सीहोरा खुर्द में लगी 'नागों की अदालत', नागदंश से परेशान लोग पहुंचे यहां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

तीसरा सावन सोमवार पर इस बार नागपंचमी का त्योहार भी श्रद्धालुओं ने असीम श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया। जिले की तहसील गैरतगंज के सीहोरा खुर्द गांव में एक अनोखी मान्यता लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां नागों से जुड़े मामलों को लेकर शेष नाग के दरबार में बाकायदा नागपंचमी के त्यौहार के उपलक्ष्य में नागों की अदालत लगाई गई। मान्यता है कि जिन लोगों को बार-बार सांप दिखाई देते हैं। नागदंश का डर सताता है या सांप से जुड़ी परेशानी बनी रहती है। वे इस स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान तलाशते हैं। करीबन 56 सालों से चल रही इस परंपरा को लेकर आसपास के ग्रामीणों में लंबे समय से धार्मिक आस्था बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, सीहोरा खुर्द में लगने वाली इस विशेष अदालत में दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचे। मंदिर के पुजारी अजब सिंह गुर्जर पण्डाजी की मौजूदगी में यहां आने वाले लोगों ने अपनी परेशानी बताई। और धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। लोगों का विश्वास है कि नाग देवता के सामने अपनी बात रखने और पूजा करने से नागों से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती हैं। इसी विश्वास के चलते विशेष अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और शेषनाग भगवान की पूजन दर्शन आरती कर परिक्रमा भी लगाईं।





सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

दीवानगंज। सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी का पर्व एक साथ पड़ने से सोमवार को दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित आसपास के करीब 40 गांवों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। सुबह होते ही क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जो देर शाम तक बनी रही। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



क्षेत्र में सबसे अधिक श्रद्धालु प्रसिद्ध गुफा मंदिर दीवानगंज और प्राचीन गोदगढ़ गुफा सिद्धेश्वर मंदिर में पहुंचे। दोनों मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा भी की। घरों और मंदिरों में नाग देवता के लिए दूध रखकर प्रार्थना की गई। मान्यता के अनुसार नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। दीवानगंज क्षेत्र के खेड़ापति हनुमान माता मंदिर, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर, राम-जानकी मंदिर, गुफा मंदिर, अयोध्या धाम अंबाडी, शिव-पार्वती मंदिर, गायत्री मंदिर, गणेश मंदिर और स्टेशन दीवानगंज हनुमान मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सावन सोमवार और नाग पंचमी एक साथ होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। कई दिनों से जल लेने गए कांवरिया अपने गृह निवास पहुंचने के बाद शिवालियो पर जल अभिषेक कर भोले बाबा का आशीर्वाद लिया। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। सुबह से शाम तक चले धार्मिक आयोजनों के चलते मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष चहल-पहल रही।

नागों की अदालत में सर्पदंश की वजह बताने का दावा....

नाग पंचमी पर्व पर गैरतगंज के सिहोरा खुर्द स्थित श्री रामरसिया धाम शेषनाग दरबार में नागों की अदालत लगी। सर्पदंश से पीड़ित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजकों के अनुसार, पीड़ितों के शरीर में सांपों की आत्मा प्रवेश करने और हाजिरी देकर काटने की वजह बताने का दावा किया गया। यहां लोगों ने इसे आस्था से जोड़कर देखा। इस स्थान की सबसे खास बात यह है कि यहां आने वाले लोगों के बीच नागदेवता को लेकर गहरी आस्था दिखाई दी। कई ग्रामीण इसे धार्मिक विश्वास और परंपरा से जोड़कर देखते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीढ़ियों से चली आ रही मान्यताओं के कारण इस स्थान की पहचान आसपास के क्षेत्र में अलग बनी हुई है। नागों की अदालत को देखने और इसके बारे में जानने के लिए दूसरे क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान कौतूहल और आस्था दोनों का केंद्र बन जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रचलित इस परंपरा की चर्चा अब सोशल मीडिया और वीडियो के माध्यम से भी दूर तक पहुंच रही है। हालांकि, सांप के काटने या किसी व्यक्ति को सर्पदंश होने की स्थिति में धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ तत्काल चिकित्सकीय उपचार लेना बेहद जरूरी।

25 किलो पनीर जब्त, जांच के लिए भेजा प्रयोगशाला

रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा मिलावटखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्यवाही की है। हालांकि जिला मुख्यालय से अधिकारियों के आने की खबर लगते ही कुछ होटल संचालक अपनी-अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गए।

बता दें कि त्योहार के दौरान क्षेत्र में बड़ी मात्रा में मावा और पनीर की मांग रहती है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में मांग पूरी करना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में कुछ होटल संचालकों के द्वारा नकली मावा और पनीर की बिक्री जोरो से करते हैं। जांच के दौरान नगर में मोहन भौग एजेंसी से लगभग 25 किलोग्राम संदिग्ध एनालॉग पनीर जब्त करते हुए कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र नैनोनिया ने बताया कि बाजार में मिलने वाला हर सस्ता पनीर असली नहीं होता। मुनाफा बढ़ाने कुछ लोग दूध की जगह स्किम्ड मिल्क पाउडर, स्टार्च, वनस्पति या पाम ऑयल, सिंथेटिक फैट, डिटर्जेंट जैसे रसायनों या अन्य मिलावटी पदार्थों से पनीर तैयार करते हैं। जो कम लागत में तैयार हो जाता है और ऊंचे दाम में बेंचते हैं।

हालांकि सामग्री को जब्त कर लिया गया है और पूरे मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएस एसएआई एक्ट), 2006 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जब्त नमूनों विस्तृत जांच अधिकृत प्रयोगशाला में कराई जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

पैमत में 163 लाख से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

30 गांवों के 21 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा फायदा

सांची विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पैमत में सोमवार को नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण विधायक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किया। करीब 1 करोड़ 62.98 लाख रुपए की लागत से बने इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से आसपास के करीब 30 गांवों के 21,218 से अधिक ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को उपचार के साथ जांच और दवाओं की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यहां 229 प्रकार की दवाएं, करीब 50 तरह की जांच और 26 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सेवाएं भी संचालित होंगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन भी किया जाएगा।

स्वास्थ्य केंद्र के संचालन के लिए चिकित्सकों और आवश्यक चिकित्सा स्टाफ के पद स्वीकृत किए गए हैं। डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के रहने के लिए आवासीय भवन का निर्माण भी किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ स्वास्थ्य अमले की नियमित मौजूदगी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लोकार्पण समारोह में डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। पैमत में स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से ग्रामीणों को उपचार, जांच और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से आसपास के गांवों के लोगों को राहत मिलेगी।

पैमत से विधायक डॉ. चौधरी ग्राम बगरोदा पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। नए भवन से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और माताओं को आंगनबाड़ी से संचालित पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, ब्रजेश चतुर्वेदी,विधायक प्रतिनिधि गोविंद वैष्णव बमहाराज, खरवई मंडल अध्यक्ष मिथिलेश पटेल, सरपंच सरिता भार्गव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष लीलाकिशन मीणा, उपसरपंच द्वारका प्रसाद लोधी, जनपद सदस्य नितेश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।



शासकीय कार्यालयों व स्कूलों में फहराया गया तिरंगा

बरेली। स्वतंत्रता दिवस पर रिमझिम बारिश के बीच शासकीय कार्यालयों, सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के साथ लोगों, व्यापारियों ने घर-घर तिरंगा फहराया। नगर परिषद में अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने झंडा वंदन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा पार्षदों एवं परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती एवं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता द्वारा कार्यालय और थाने में ध्वजारोहरण किया। कृषि उपज मंडी में प्रशासक अंकित जैन एसडीएम द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर मंडी सचिव श्रीमती रितु गढ़वाल, कर्मचारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे, मंडी में वृक्षारोपण भी किया। महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में परियोजना अधिकारी जुलेखा खान द्वारा झंडा वंदन किया गया।

शान से लहराया तिरंगा

नगर के अशासकीय स्कूल नर्मदा एजुकेशन वैली स्कूल, डैफोडिल पब्लिक स्कूल, विद्या निकेतन विद्यालय, हायर सेकेंडरी स्कूल, गुरुकुल स्कूल, मानिक लाल नाहर हायर सेकंडरी स्कूल, सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल, वात्सल्य कॉन्वेंट हाई सेकंडरी स्कूल सहित अन्य शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में संस्था प्रमुखों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

भारत माता की जय से गूंजा नगर

विशाल तिरंगा यात्रा में दिखाई दिया युवाओं में जोश व जुनून

बाड़ी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर में निकली तिरंगा यात्रा मोटर साइकिल, फॉरव्हीलर की यात्रा नगर में चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता दिवस पर अटवाल रिजॉर्ट स्वतंत्रता दिवस पर विशेष याद तिरंगा यात्रा अगवानी की। मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल के नतृत्व में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। रैली में शामिल युवाओं में भारी संख्या में लोग मौजूद थे। नगर के मुख्य मार्ग रिसोर्ट से प्रारंभ हुई चिंतामन चौराहा तहसील कार्यालय मार्गो से होती हुई मंगलवार बाजार जनपद पंचायत रिसॉर्ट पर पहुंची। इसके पूर्व रिसॉर्ट में वरिष्ठ नेता जोधा सिंह अटवाल ने ध्वजारोहण किया। इस यात्रा में बड़ी मात्रा में वाहनों का कफिला शामिल हुआ। इसके साथ ही वीर शहीदों को याद किया गया। भारत माता की जय के नारों से नगर गूंज उठा।





नर्मदा तट मांगरोल से बरेली तक ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

श्री परशुराम सेना के तत्वावधान में निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्री परशुराम सेना के तत्वावधान में रविवार को विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ मांगरोल स्थित नर्मदा तट के पाखर वाले मंदिर से हुआ। सुबह कांवड़ियों ने मां नर्मदा का पूजन कर नर्मदा जल भरा और भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद कांवड़ यात्रा प्रारंभ की। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।



परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि यात्रा का रात्रि विश्राम बरेली नगर के देविका मैरिज गार्डन में होगा एवं सभी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। रात्रि में भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने अपने साथियों के साथ नगर प्रवेश पर कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया।

कांवड़ यात्रा में परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पवन दुबे, रामकुमार उपाध्याय, रेवाशंकर शर्मा, नीलेश शर्मा परशुराम सेना नगर अध्यक्ष शिवांश दुबे, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, योग समिति के अध्यक्ष उमराव प्रसाद कुशवाहा, हरिचरण बारीवा एल्डरमैन, हिमकर उपाध्याय एल्डरमैन, शारदा प्रसाद सराठे, वीरेंद्र भावसार, करण सिंह राठौर, प्रेम सिंह मेहरा सरपंच दीमाडा, कैलाश ठाकुर, अमरीश व्यास, मोनू शर्मा सहित कावड़ियों व श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।









